दूरभाष : 46060605

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः
( केन्द्रीयविश्वविद्यालयः )
बी-४, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-११००१६
**Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University**
**(Central University)**
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi- 110016

क्रम संख्या--एलबीएसवी/सा.प्र./2022-23/0311 दिनांक : 05.05.2022

## कार्यालय आदेश

आप सभी को विदित ही है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय) ने विगत दशकों में संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया है । फलस्वरूप भारत सरकार ने 30 अप्रैल, 2020 (वैशाख शुक्ल सप्तमी) के दिन संसद के 'केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम-2020' के अनुसार श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, मानित विश्वविद्यालय को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित किया । इसी प्रकार भारत सरकार ने उसी दिन राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को भी मानित विश्वविद्यालय से केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित किया ।

उपर्युक्त तीनों केन्द्रीय विश्वविद्यालय समन्वित रूप से वैशाख शुक्ल षष्ठी से अष्टमी तक तदनुसार दिनांक 07 से 09 मई, 2022 तक **'उत्कर्ष-महोत्सव'** का भव्य आयोजन 'डॉ. अम्बेडकर इण्टरनेशनल सेंटर, 15, जनपथ, नई दिल्ली' के मुख्य सभागार में करने जा रहे हैं । इस वर्ष केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली उत्कर्ष महोत्सव के आतिथेय का निर्वहन कर रहा है, साथ ही कुछ आवश्यक जिम्मेदारियां हमारे विश्वविद्यालय को भी निर्वहन करनी है ।

एतदर्थ उत्कर्ष-महोत्सव के सफल आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों के अध्यक्षों एवं संयोजकों की एक बैठक दिनांक 04.05.2022 को अपराह्न 03.00 बजे वाचस्पति सभागार में कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये :--

१, (1) 'मंच साज-सज्जा समिति' की अध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी मिश्र के अर्जित अवकाश पर होने के कारण प्रो. सुजाता त्रिपाठी को 'मंच साज-सज्जा समिति' का अध्यक्ष बनाया गया । (2) 'बैनर समिति' के संयोजक डॉ. ज्ञानधर पाठक के अर्जित अवकाश पर होने के कारण श्री सुच्चा सिंह को 'बैनर समिति' का संयोजक बनाया गया । (3) 'यातायात और निवास समिति' के अध्यक्ष प्रो. सुमन कुमार झा के अर्जित अवकाश पर होने के कारण प्रो. शुकदेव भोइ को 'यातायात और निवास समिति' का अध्यक्ष बनाया गया । (4) 'भोजन प्रसाद व्यवस्था एवं वितरण समिति' के अध्यक्ष प्रो. परमानन्द भारद्वाज के दिल्ली से बाहर होने के कारण डॉ. कुलदीप जैन को 'भोजन प्रसाद व्यवस्था एवं वितरण समिति' का अध्यक्ष बनाया गया । समितियों के अध्यक्ष अपनी सुविधानुसार अपनी-अपनी समितियों में अन्य महानुभावों को बैठक आयोजित कर सम्मिलित कर सकते हैं । सभी विभागाध्यक्ष महोत्सव में उपस्थित होने वाले छात्रों की सूची प्रो. शुकदेव भोइ को दिनांक 05.05.2022 तक अवश्य सौंप दें, जिससे यातायात संबंधी आवश्यक व्यवस्था की जा सके ।

२, विश्वविद्यालय की नवीन कुलगीतिका का माननीय कुलपति जी द्वारा समस्त उपस्थित महानुभावों के समक्ष वाचन किया गया, जिसे करतल ध्वनि से सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया । बैठक में इस कुलगीतिका के **लेखक डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी को 'उत्कर्ष-महोत्सव' में सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया ।**

दूरभाष : 46060605

# श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः
( केन्द्रीयविश्वविद्यालयः )

बी-४, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-११००१६

**Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University**
**(Central University)**

B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi- 110016

3. कुलानुशासक प्रो. बिहारी लाल शर्मा को दिनांक 07 से 09 मई, 2022 तक आयोजित होने वाले उत्कर्ष महोत्सव का संयोजक बनाया गया । प्रशासनिक सहायता हेतु सहायक कुलसचिव श्री राजेश कुमार को उपसंयोजक बनाया गया, अतः उत्कर्ष महोत्सव से संबंधित समस्त प्रशासनिक कार्यवाहियां सहायक कुलसचिव श्री राजेश कुमार के माध्यम से सम्पन्न की जायेगी तथा वित्त संबधी पत्रावलियां सहायक कुलसचिव श्रीमती सुषमा डेमला के माध्यम से प्रस्तुत की जाय ।
4. उत्कर्ष महोत्सव को पूर्ण रूपेण सफल आयोजित किये जाने हेतु गठित विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं संयोजक अपनी-अपनी समितियों की बैठक आयोजित कर शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाहियां सम्पन्न करेंगे । यदि किसी प्रकार की असुविधा होती है तो कुलानुशासक प्रो. बिहारीलाल शर्मा या सहायक कुलसचिव श्री राजेश कुमार से सम्पर्क करेंगे ।
5. उत्कर्ष महोत्सव के अवसर पर विश्वविद्यालय में उपलब्ध चित्रों की ऐतिहासिक प्रदर्शनी प्रकाशन विभाग द्वारा आयोजित की जायेगी तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के टेप किये गये उद्बोधित वचनों को उपस्थित विद्वानों को सुनाया जायेगा । इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी .। यदि विश्वविद्यालय प्रकाशन या विश्वविद्यालय के किसी विद्वान के ग्रन्थ का लोकार्पण किया जाना है तो उसके लिए प्रो. बिहारी लाल शर्मा से सम्पर्क किया जा सकता है । (**प्रकाशन विभाग**)
6. उत्कर्ष महोत्सव में विद्यावारिधि के छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, अतः इस सम्बन्ध में आवश्यक एस.एस.एम. **शैक्षणिक विभाग** द्वारा छात्रों को प्रेषित किया जाय ।
7. दिनांक 07.05.2022 (शनिवार) एवं 08.05.2022 (रविवार) को कार्य दिवस घोषित किया जाता है, इसके लिए **सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आवश्यक कार्यालय आदेश** जारी किया जाय । दिनांक 07 व 08.05.2022 के कार्यदिवस के लिए विश्वविद्यालय परिवार के अध्यापक/अधिकारी/कर्मचारी अपनी सुविधानुसार कार्यदिवसों में क्षतिपूरक अवकाश ले सकते हैं ।

बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही संबंधित उत्कर्ष-महोत्सव समिति के अध्यक्षों/संयोजकों/अध्यापकों/अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाए । यह कार्यालय आदेश माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार जारी किया जा रहा है ।

(प्रमोद चतुर्वेदी)
निजी सचिव, माननीय कुलपति

**प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. समस्त संकायप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. उत्कर्ष महोत्सव के लिए गठित समितियों के अध्यक्ष एवं संयोजक
3. कुलसचिव महोदया, विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा), कार्यपालक अभियन्ता, उपकुलसचिव (लेखा), उपकुलसचिव (परीक्षा), सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, सहायक अभियन्ता एवं समस्त सहायक कुलसचिव
4. कुलसचिव महोदया के निजी सचिव
5. कुलपति के विशेष कार्याधिकारी

(प्रमोद चतुर्वेदी)
निजी सचिव, माननीय कुलपति

For M.S.
5/5/2022
pls upload on website
Smt. Rani
05/05/2022